हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 301 देहरादून, बृहस्पतिवार, 25 मई, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



हरि सेवा आश्रम के वार्षिकोत्सव में किया प्रतिभाग 3

# देहरादून-दिल्ली वंदे भारत ट्रेन में कीजिए फ्री में सफर, लोगों में जबरदस्त उत्साह

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादूनः 25 मई से उत्तराखंड और देहरादून के बीच सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन वंदे भारत का संचालन शुरू होने जा रहा है। इसको लेकर लोगों के बीच में अभी से उत्साह देखा जा सकता है। इस ट्रेन की गति दिल्ली और दून के बीच चलने वाली शताब्दी से भी ज्यादा है। यह मात्र 4 घंटे में दिल्ली से देहरादून के बीच का सफर तय करेगी। आज पहली बार इसका संचालन किया जाएगा और कल इसमें यात्री मुफ्त में यात्रा कर सकते हैं।

जी हां, देहरादून दिल्ली के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन में यात्री पहले दिन मुफ्त में यात्रा कर सकेंगे और इसके लिए पास बनाने पड़ेंगे। देहरादून से दिल्ली और दिल्ली से देहरादून आने की सुविधा फ्री रहेगी। पहले दिन 28 मई को ट्रेन 11 बजे देहरादून से चलेगी। फिलहाल इसमें 8 कोच रहेंगे और सभी कोच चेयर कार होंगे। डीआरएम ने बताया कि वंदे भारत देश के बाकी जगहों पर 16 कोच के चल रही है मगर अभी दून-दिल्ली की ट्रेन 8 कोच की चलेगी। इसके बाद में कोच की संख्या बढ़ाई जा सकती है और यह इतनी ज्यादा सुपरफास्ट होगी कि देहरादून दिल्ली के बीच 52 सेकंड में 100 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड पकड़ लेती है।इस ट्रेन में ऑटोमेटिक स्लाइडिंग डोर होंगे, सीसीटीवी कैमरे होंगे और सफर के दौरान ट्रेन के अंदर किसी भी तरह की आवाज नहीं आएगी। अभी तक दून से शताब्दी एक्सप्रेस 6 घंटे 5 मिनट में दिल्ली पहुंचती है मगर अब यह सफर घटकर 5 घंटे का ही रह जाएगा यह ट्रेन सुबह 5:50 पर दून से रवाना होगी और 11:00 बजे तक दिल्ली पहुंच जाएगी फिलहाल Dehradun Delhi Vande Bharat Express का किराया अभी तक तय नहीं हुआ है और ऐसा माना जा रहा है कि इसका किराया शताब्दी से थोड़ा अधिक हो सकता है।






# उत्तराखंड के 6 जिलों में मूसलाधार बारिश की चेतावनी, इन जिलों में स्कूलों की छुट्टी घोषित





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पौड़ी 25 मई : उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में मौसम का मिजाज बिगड़ गया है। पहाड़ों में जहां बारिश हो रही है, तो वहीं मैदानी इलाकों में अंधड़ ने खूब तबाही मचाई। 25 मई से लेकर 26 मई तक उत्तराखंड के देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी, नैनीताल, ऊधमसिंहनगर, चम्पावत जैसे जनपदों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने और ओलावृष्टि होने की संभावना है। इसके अलावा कई इलाकों में 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी-तूफान चलने की संभावना जताई गई है। मौसम के बिगड़े मिजाज को देखते हुए पौड़ी जिले में 25 मई को सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में छुट्टी घोषित की गई है। डीएम धीराज सिंह गर्ब्याल ने इसे लेकर आदेश जारी किए। इसके तहत 25 मई को जिले के कक्षा 1 से 12 तक के सभी स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहेंगे। छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए स्कूलों को बंद रखने का निर्णय लिया गया है। आदेश का अनुपालन न करने वाले विद्यालय के प्रबंधक अथवा प्रधानाचार्य की लापरवाही से अगर कोई घटना घटित होती है तो उनके खिलाफ आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मौसम को देखते हुए आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अलर्ट रहने को कहा गया है। हरिद्वार में सभी अधिकारियों-कर्मचारियों से अपने फोन ऑन रखने को कहा गया है। संबंधित अधिकारी किसी भी तरह की आपदा की सूचना मिलने पर जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र हरिद्वार को सूचित करें, ताकि लोगों को समय रहते मदद मिल सके।

## प्रदेश में 27 मई तक चक्रवाती तूफान का अलर्ट ?

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 25 मई : प्रदेश में बीते दिन आई आंधी में हुए नुकसान के बीच काफी जगहों पर यूपीसीएल ने बिजली आपूर्ति बहाल कर दी। इस बीच 27 मई तक चक्रवाती तूफान के अलर्ट को देखते हुए यूपीसीएल प्रबंधन ने सभी अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। इस तिथि तक सभी को अपने दफ्तर में तैनात रहने के निर्देश जारी किए गए हैं। यूपीसीएल के एमडी अनिल कुमार ने बताया कि 24 मई को आई आंधी और बारिश में गढ़वाल और कुमाऊं में पेड़ गिरने से कई जगहों पर लाइनें टूट गईं। कई जगहों पर ट्रांसफार्मर भी क्षतिग्रस्त हो गए। यूपीसीएल के कर्मचारियों ने तत्परता से काम किया और कम-से-कम समय में आपूर्ति बहाल कर दी है।

कुछ जगहों पर ट्रांसफॉर्मर डबल पोल या भारी मात्रा में लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई थी, वहां अधिकतर जगहों की दोपहर तक आपूर्ति बहाल कर दी गई। मौसम विभाग ने 24 मई से 27 मई तक चक्रवाती तूफान का हाई अलर्ट जारी किया है। इसके मद्देनजर प्रबंध निदेशक अनिल कुमार ने सभी क्षेत्रीय काइयों को विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने के निर्देश दिए हैं। मुख्य अभियंता गढ़वाल, हरिद्वार, कुमाऊं और ऊधमसिंहनगर को निर्देश दिए गए हैं कि उपखंड स्तर तक के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को आगामी 27 मई तक अवकाश पर रोक लगा दी गई है। ये भी निर्देश दिए गए हैं कि तूफान में नुकसान होने की दशा में न्यूनतम समय में विद्युत आपूर्ति बहाल करने का इंतजाम पहले से किया जाए।



# इन वजहों से महिलाओं में बढ़ जाता है सडन कार्डिएक अरेस्ट का खतरा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 25 मई : सडन कार्डियक अरेस्ट यानी हार्ट बीट का अचानक रुक जाना दुनियाभर के लोगों के लिए एक चिंता का विषय बन गया है। अब हर उम्र के लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं, चाहे उनका बैकग्राउंड या रिकॉर्डिंग कुछ भी हो। अनहेल्दी डाइट और लाइफस्टाइल इसमें सबसे बड़ा रोल निभा रहा है। ग्लोबल रिसर्च पर गौर करें तो, सडन कार्डियक अरेस्ट के लगभग 40% मामले महिलाओं से जुड़े देखे जा सकते हैं और उनके लक्षण भी काफी अलग हैं। यही वजह है कि इस बीमारी से जुड़े खतरों और संकेतों को समझना महिलाओं के लिए और भी ज्यादा जरूरी है।

सडन कार्डियक अरेस्ट वह स्थिति है, जिसमें दिल धड़कना बंद कर देता और ब्लड प्रेशर कम होने लगता है। जिसकी वजह से दिल के लिए ब्लड को पम्प करना मुश्किल हो जाता है। इससे मरीज को सांस लेने में बहुत तकलीफ होती है। अक्सर ऐसी स्थिति में मरीज बेहोश हो जाता है और समय पर इलाज न मिलने की वजह से मौत भी हो जाती है महिलाओं के लिए यह समझना जरूरी है कि हाइपर-टेंशन, मेनोपॉज़, डायबिटीज जैसी समस्याएं सडन कार्डियक अरेस्ट के खतरे को और ज्यादा बढ़ा सकती हैं। तो इन समस्याओं को हल्के में लेने की गलती न करें।

अगर आपको इनमें से कोई भी बीमारी है तो आपको और ज्यादा सजग रखने के साथ केयर की जरूरत है। मेनोपॉज (रजोनिवृत्ति) महिलाओं के जीवन की एक अवस्था है, जिसमें कई शारीरिक और मानसिक बदलाव होते हैं। यह महिलाओं के लिए एक मुश्किल वक्त हो सकता है। कई ग्लोबल स्टडीज में पाया गया है कि मेनोपॉज़ की अवस्था और बढ़ी हुई कोरोनरी हार्ट डिजीज में गहरा कनेक्शन है, जिसमें कार्डियक अरेस्ट भी शामिल है। मेनोपॉज के दौरान और बाद में महिलाएं कई ऐसे लक्षणों का अनुभव करती हैं, जो सडन कार्डियक अरेस्ट के खतरे को बढ़ाने का काम करते हैं। इनमें से कुछ लक्षण हैं बहुत ज्यादा स्ट्रेस, नींद पूरी न होना और वजन बढ़ना।

पीसीओडी (PCOD) वाली कई महिलाओं में इंसुलिन रेजिस्टेंस होता है, जिससे शरीर में इंसुलिन जमा हो सकता है जिससे ब्लड ग्लूकोज के नॉर्मल लेवल को बनाए रखना मुश्किल हो जाता है। रिसर्च के अनुसार, पीसीओएस से पीड़ित 35 प्रतिशत महिलाओं को प्री-डायबिटीज होता है और 10 प्रतिशत को 40 साल की उम्र तक डायबिटीज हो जाता है। इसके अलावा, एंड्रोजेन के बढ़े हुए लेवल्स भी डायबिटीज का जोखिम बढ़ाते हैं। इस ज्यादा इंसुलिन की वजह से अक्सर वजन बढ़ जाता है और "गुड कोलेस्ट्रॉल'' कम हो सकता है। यह सभी मिलकर हार्ट प्रॉब्लम्स के खतरे को बढ़ाते हैं। लेकिन लाइफस्टाइल में जरूरी बदलावों से इसके खतरे को बहुत हद तक कम किया जा सकता है।



# बच्चों की ओरल हेल्थ का ख्याल रखने के लिए अपनाएं ये आसान तरीके

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 25 मई : ओरल हेल्थ यानी मुंह की साफ-सफाई बड़ों के साथ-साथ बच्चों के लिए भी जरूरी है। मुंह की सफाई का असर पूरे स्वास्थ्य पर पड़ता है। एक्सपर्ट के अनुसार, दांतों में बीमारी की वजह से शरीर में कई गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है। इसलिए सेहतमंद रहने के लिए, मुंह की सफाई भी जरूरी है। आमतौर पर बच्चों में ओरल हेल्थ की समस्या ज्यादा देखने को मिलती है। दरअसल, बच्चों को ज्यादा मीठा खाने की आदत होती है और बिना ब्रश किए ही सो जाते हैं, ऐसे में दांतों में कीड़ा लगने का डर बना रहता है। तो आइए जानते हैं, बच्चों की ओरल हेल्थ का ख्याल कैसे रखें।

बच्चों की ओरल हेल्थ का ख्याल रखना काफी जरूरी है। इसके लिए उन्हें रोजाना कम से कम दो बार ब्रश कराएं। सुबह और रात में खाना खाने के बाद दांत जरूर साफ कराएं। इस तरह आपके बच्चे को कैविटी की समस्या भी नहीं होगी। कुछ ऐसे फूड्स होते हैं, जो दांतों के बीच या मसूड़ों में चिपक जाते हैं। जो दांतों की सड़न के प्रमुख कारणों में से एक है। इसलिए खाने के बाद बच्चों को कुल्ला जरूर कराएं।

ओरल हेल्थ की साफ सफाई सिर्फ दांतों तक की ही सीमित नहीं है। मुंह को अच्छी तरह साफ करने के लिए जीभ की सफाई भी जरूरी है। ऐसे में बच्चों को टंग क्लीनर का इस्तेमाल करना जरूर सिखाएं ताकि मुंह में बैक्टीरिया न फैलाएं अक्सर छोटे बच्चों को मीठा खाना बहुत पसंद होता है। चॉकलेट, पेस्ट्री, केक आदि उनके फेवरेट फूड्स होते हैं। जो दांतों को नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसे में कोशिश करें कि बच्चों को ये चीजें ज्यादा न खाने दें। अधिक मात्रा में मीठी चीजें खाने से दांतों में कैविटी हो सकती है। बच्चों के दांतों में कैविटी की समस्या ज्यादा होती है। जरूरत से ज्यादा मीठा खाने से उनके दांत खराब होने लगते हैं। ऐसे में नियमित तौर पर बच्चों को डेंटिस्ट के पास हर महीने एक बार जरूर ले जाएं। जिससे बच्चों के ओरल हेल्थ को मजबूती मिलेगी।



# अपनी बिल्ली को समझने में हो रही है परेशानी, तो करे ये काम ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 25 मई : मुझे लगता है कि हम सभी ने अपने जीवन में शायद कुछ ही बार बिल्ली के दहाड़ने का अनुभव किया है। हम में से अधिकांश सोचते हैं कि यह एक स्पष्ट संकेत है कि एक बिल्ली खुश है और संभवतः मज़े कर रही है लेकिन हमेशा ऐसा नहीं होता है।

गड़गड़ाहट को आसानी से उस विशिष्ट ध्वनि के रूप में पहचाना जा सकता है जो बिल्लियाँ अपने गले से बनाती हैं और इसमें किसी प्रकार का कंपन होता है। यह उन कुछ बिल्ली व्यवहारों में से एक है जो उनके जन्म के दिन से और उनके पूरे जीवन में प्रदर्शित होते हैं। इसलिए, कई विशेषज्ञ सोचते हैं कि बिल्लियाँ खुशी, तनाव या किसी जरूरत जैसी विभिन्न भावनाओं को व्यक्त करने के लिए म्याऊँ करती हैं।

घुरघुराना भी बिल्लियों के लिए खुद को शांत करने का एक मुकाबला तंत्र है क्योंकि वैज्ञानिकों ने देखा है कि जब वे श्रम में जाते हैं तो बिल्लियाँ दहाड़ना शुरू कर देती हैं। अगली बार, इससे पहले कि आप किसी नतीजे पर पहुँचें और सोचें कि आपकी बिल्ली खुश है, हो सकता है कि वह आपको यह बताने की कोशिश कर रही हो कि कोई समस्या है। गड़गड़ाहट की जड़ तक पहुंचने के लिए आपको किसी अन्य लक्षण पर ध्यान देना चाहिए या यह देखना चाहिए कि क्या आपकी बिल्ली को किसी चीज की जरूरत है।



# देहरादून : आईएमए में पासिंग आउट परेड 10 जून को



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 25 मई : भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में पासिंग आउट परेड आगामी 10 जून को होगी। इसमें देश-विदेश के जेंटलमैन कैडेट बतौर अधिकारी अपने-अपने देश की सेना का अभिन्न अंग बनेंगे। आईएमए की ओर से पासिंग आउट परेड की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आईएमए के जनसंपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल इशानी मैत्रा के अनुसार आईएमए एक अक्टूबर 1932 को अस्तित्व में आया था। पिछले 91 वर्षों में अकादमी ने अपनी प्रशिक्षण क्षमता 40 से 1650 जेंटलमैन कैडेट तक बढ़ा दी है।

अभी तक 64 हजार से अधिक जेंटलमैन कैडेट अकादमी से पास आउट हुए हैं। इसमें मित्र देशों के विदेशी कैडेट भी शामिल हैं। पासिंग आउट परेड में सेना के वरिष्ठ अधिकारी, देश-विदेश के अतिथि और कैडेट्स के परिजन भी शामिल होंगे। अकादमी अधिकारियों के अनुसार दो जून को ग्रेजुएशन सेरेमनी होगी। इसमें आर्मी कैडेट कॉलेज विंग के कैडेट्स को जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय की डिग्री दी जाएगी।

इसके बाद एसीसी विंग के यह कैडेट्स अकादमी का हिस्सा बन जाएंगे। आठ जून को कमांडेंट अवॉर्ड सेरेमनी आयोजित होगी। इसमें सैन्य प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जेंटलमैन कैडेट्स को पुरस्कृत किया जाएगा। आठ जून की सुबह कमांडेंट परेड होगी। जबकि, नौ जून को अकादमी में मल्टी एक्टिविटी डिस्प्ले शो आयोजित किया जाएगा।

# सी.एम धामी ने हरि सेवा आश्रम के वार्षिकोत्सव में किया प्रतिभाग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को हरिपुर कलां हरिद्वार में हरि सेवा आश्रम के वार्षिकोत्सव, दशहरा महोत्सव एवं श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में प्रतिभाग किया। उन्होंने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का मंत्रोचारण के बीच दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया और आरती एवं पूजा-अर्चना की एवं सन्तों व महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने समारोह को सम्बोधित करते हुये हरि सेवा आश्रम के वार्षिकोंत्सव की सभी को हार्दिक बधाई व शुभकामनायें दी तथा समारोह में उन्हें आमन्त्रित करने के लिये आभार प्रकट करते हुये कहा कि श्रीमदभागवत जैसे पुण्य कार्य में सहभागी होने का उन्हें अवसर प्रदान किया। उन्होंने कहा कि आज इस पावन अवसर पर हम यहां किसी के बुलावे पर न आकर उस ईश्वर की असीम कृपा की वजह से यहां पहूंचे हैं। उन्होंने महामण्डलेश्वर स्वामी हरिचेतनानन्द जी का जिक्र करते हुये कहा कि स्वामी जी ने अपना जीवन राष्ट्र, धर्म तथा संस्कृति को समर्पित किया है।





पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जिक्र करते हुये कहा कि उनके नेतृत्व में आज पूरा देश तेजी से विकास कर रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इस समय कई देशों के प्रवास पर हैं, जिस देश में भी वे जा रहे हैं, वहां उत्सव हो रहा है तथा भारत के प्रति विश्व का नजरिया बदला है। मुख्यमंत्री ने कोराना काल का जिक्र करते हुये कहा कि भारत ने कई देशों को कोरोना वैक्सीन की आपूर्ति करके लाखों लोगों की जान बचाई है तथा वैक्सीन के पैकिंग के डिब्बों के माध्यम से विश्व बन्धुत्व- सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामया का सन्देश दिया। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जो सम्पूर्ण मानव मात्र व पूरे विश्व की चिन्ता करता है।

पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारत को प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जी-20 की अध्यक्षता करने का अवसर मिला है। प्रधानमंत्री के विस्तृत विजन की वजह से जी-20 की बैठकें देश के कोने-कोने में हो रही हैं तथा हमारे प्रदेश उत्तराखण्ड को भी जी-20 की तीन बैठकें करने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ है, जिनमें से एक बैठक रामनगर में हो चुकी तथा एक का शुभारम्भ आज ऋषिकेश में हो रहा है एवं तीसरी बैठक भी आगामी दिवसों में ऋषिकेश-नरेन्द्रनगर में आयोजित होगी।

उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था पहले 11वें स्थान पर थी, जो प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व की वजह से पांचवें स्थान की अर्थव्यवस्था बन गयी है, आयोध्या में राम मन्दिर का निर्माण हो रहा है, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर अपना भव्य स्वरूप प्राप्त कर चुका है, केदारनाथ भव्य व दिव्य बन गया है, आने वाले समय में हेमकुण्ड धाम की यात्रा और भी आसान होने वाली है, जहां गोविन्दघाट से हेमकुण्ड तक रोपवे का निर्माण होने जा रहा है, जिससे यात्रा में बहुत ही कम समय लगेगा, कई रोपवे के निर्माण के साथ ही गुणावत्तापरक सड़कों का पूरे प्रदेश में जाल बिछाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा की भांति कुमाऊं में मन्दिर माला मिशन के तहत पर्यटन को बढ़ाने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। महामण्डलेश्वर स्वामी हरिचेतनानन्द जी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री का गऊ, गंगा, सन्त तथा सैनिकों के प्रति विशेष लगाव है। उन्होंने कहा कि इस संसार में जिन्होंने भी बड़े-बड़े जन-कल्याणकारी कार्य किये हैं, विनम्र बनकर ही किये हैं, उसी तरह श्री पुष्कर सिंह धामी भी हैं, जो विनम्रता के साथ बड़े-बड़े जन-कल्याणकारी निर्णय ले रहे हैं। मुख्यमंत्री का हरि सेवा आश्रम पहुंचने पर पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्रम तथा पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत व अभिनन्दन किया गया।

# मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने महिला कर्मचारियों को दी बड़ी सौगात

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सचिवालय परिसर स्थित नवीनीकृत पालना केन्द्र (क्रेच) व स्मार्ट क्लास का शुभारंभ किया। यह क्रेच सचिवालय के कार्मिकों की ड्यूटी के दौरान उनके बच्चों की देखभाल के उद्देश्य से बनाया गया है। क्रेच में ए.सी, रेफ्रिजरेटर, पेयजल हेतु वाटर प्यूरीफायर, बच्चों के आराम करने के लिए बिस्तर, बाल सुलभ वॉश बेसिन, अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था की गई है। इसमें स्मार्ट क्लास की व्यवस्था भी की गई है। क्रेच में आउटडोर खेल उपकरण लगाये गये हैं। फेन्सिंग, चित्रकारी एवं वाल पेंटिंग से इसे सजाया गया है। क्रेच में ऊर्जा की बचत हेतु दो किलोवाट क्षमता का सोलर पावर प्लांट (सोलर पैनल पावर कंडीशनिंग यूनिट व बैटरी) की व्यवस्था की गई है जिसमें केन्द्र के स्मार्ट क्लास सिस्टम, एल.ई.डी. लाइटिंग एवं समस्त पंखे संचालित हो सकते हैं।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सचिवालय में कार्मिकों के बच्चों के लिए क्रेच की यह अच्छी सुविधा दी गई है। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुविधा के लिए यहां पर अच्छी व्यवस्था की गई है। इससे जहां सचिवालय में कार्य करने वाले कार्मिकों को बच्चों की देखभाल के लिए अच्छी सुविधा मिलेगी, वहीं बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ सीखने के लिए भी अच्छी व्यवस्थाएं की गई हैं। क्रेच के नवीनीकरण का कार्य मात्र 18 दिनों में कराने के लिए उन्होंने नोडल विभाग महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास के प्रयासों की सराहना भी की। सचिवालय के कार्मिकों ने सचिवालय परिसर में क्रेच की बेहतर सुविधा और बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए इसमें की गई व्यवस्थाओं के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास श्री एच.सी. सेमवाल एवं सचिवालय के कार्मिक उपस्थित थे।





# धर्मनगरी को अपराधियों की शरणस्थली नहीं बनने देंगे : एसएसपी हरिद्वार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार 25 मई : प्रॉपर्टी डीलर से 01 करोड़ की फिरौती मांगने संबंधी मामले में हरिद्वार पुलिस ने दबोचा ₹5000/- का इनामी आरोपी की पर लिए गए सिम से कॉल कर अल्मोड़ा जेल में बंद कुख्यात कलीम ने मांगी थी रंगदारी वर्ष 2020 का है घटनाक्रम, गिरफ्तारी से बचने के लिए अभियुक्त लगातार चल रहा था फरार आर्यनगर निवासी प्रॉपर्टी डीलर को धमकाने के लिए गैंगस्टर कलीम ने गुर्गों से कराई थी घर पर फायरिंगआर्यनगर ज्वालापुर निवासी प्रॉपर्टी डीलर को कॉल कर एक करोड़ रुपए की फिरौती मांगने सम्बन्धी प्रकरण में लगभग 03 वर्षों से फरार चल रहे ₹5000 के इनामी अभियुक्त नवीन को एसएसपी अजय सिंह के निर्देशों के अनुक्रम में गठित टीम द्वारा हिसार हरियाणा से दबोचने में सफलता हासिल की है।



अल्मोड़ा जेल में बंद अपने भाई को मिलने गए अभियुक्त नवीन की आईडी पर लिए गए सिम से ही कुख्यात गैंगस्टर कलीम ने प्रॉपर्टी डीलर को कॉल कर 01 करोड़ की फिरौती मांगी थी। तत्पश्चात धमकाने की नियत से गैंगस्टर कलीम ने अपने गुर्गों से प्रॉपर्टी डीलर के घर पर फायरिंग की घटना को भी अंजाम दिया था। फरार चल रहे अभियुक्त की गिरफ्तारी के अनेक प्रयास करने पर भी सफलता न मिलने पर अपना धैर्य बनाए रख पुलिस टीम ने कल मु0अ0सं0 525/ 2020 धारा 386/506 आईपीसी में अभियुक्त उपरोक्त को उसके घर से दबोचा गया। एसएसपी हरिद्वार द्वारा घोषित ₹5000/- के इनामी अभियुक्त को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा।



# सिडनी में पीएम नरेंद्र मोदी के स्वागत में उत्तराखंड की महिलाओं ने लोकगीत से बढ़ाया मान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून,ब्यूरो रिपोर्ट, उत्तराखंड की बोली भाषा संस्कृति और लोक गीत कितने प्रसिद्ध और कितने लोकप्रिय है , उत्तराखंड के अलावा विदेश के लोगों को भी खूब भाते हैं। भले हम दिल्ली देहरादून में रहकर अपनी बोली भाषा संस्कृति रीति रिवाज से जी जगते होंगे लेकिन आज भी उत्तराखंड के कई लोग विदेश में रहकर अपनी बोली भाषा संस्कृति रीति रिवाज और वेशभूषा का मान विश्व स्तर पर बढ़ा रहे हैं। इसका जीता जागता उदाहरण ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में पीएम नरेंद्र मोदी के स्वागत समारोह में उत्तराखंड की ऑस्ट्रेलिया में रह रही पहाड़ की नारी शक्ति द्वारा गाया गया यह पारंपरिक लोकगीत है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन और स्वागत के लिए भारतीय परंपरा के साथ उत्तराखंड की संस्कृति की झलक भी सिडनी में देखने को मिली जहां उत्तराखंड के प्रसिद्ध लोक गायक किशन महिपाल का लोकगीत घुघती पहाड़ की महिलाओं ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा में गाया है जिससे उत्तराखंड का मान विश्व स्तर पर बड़ा है ।सिडनी स्टेडियम में भारतीय प्रवासियों का उत्साह देख ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बॉस बताया। कहा, इनकी लोकप्रियता रॉकस्टार जैसी है। दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी के स्टेडियम में पहुंचते ही वहां मौजूद करीब 21 हजार भारतवंशियों ने भारत माता की जय, वंदेमातरम और मोदी-मोदी के नारे लगाने शुरू कर दिए । अल्बनीज ने उन्हें गले लगाया और कहा, मोदी की लोकप्रियता अमेरिकी गायक-गीतकार स्प्रिंगस्टीन जैसी है। आखिरी बार कुडोस बैंक एरिना में स्प्रिंगस्टीन को देखा था। तब उन्हें भी ऐसा स्वागत नहीं मिला था, जैसा मोदी को मिला। स्प्रिंगस्टीन को फैन बॉस बुलाते हैं। अल्बनीज ने 'प्रिय मित्र' मोदी को ऑस्ट्रेलिया में दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की भावना लाने के लिए धन्यवाद दिया।



# किसानों की आर्थिकी को मजबूत करने के लिए कृषि, उद्यान व अन्य विभाग समन्वय से करे कार्य : सीएम



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून,ब्यूरो रिपोर्ट, कृषकों को कृषि एवं उद्यान के क्षेत्र में उत्पादन का अच्छा दाम मिले इसके लिए बेहतर मार्केटिंग की व्यवस्था की जाए। कृषकों की आय दुगुनी करने के लिए उच्च मूल्य वाली फसलों को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाए। किसानों को मोटे अनाजों के अधिक उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करें। किसानों की आर्थिकी को मजबूत करने के लिए कृषि, उद्यान एवं अन्य संबंधित विभाग समन्वय से कार्य करें। अधिकारी बैठक में पूरी तैयारी से आयें, कार्य के प्रति किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में सशक्त उत्तराखण्ड /25 के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए कृषि एवं उद्यान के अल्प, मध्य एवं दीर्घकालिक रोडमैप की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में मिलेट्स के उत्पादन को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए, इसकी मांग बहुत तेजी से बढ़ रही है, किसानों की आय को बढ़ाने में मिलेट्स अहम भूमिका निभायेगा। तीन सितारा, चार सितारा एवं पांच सितारा होटलों में मिलेट्स की व्यवस्था हो, इसके लिए इन्हें भी प्रोत्साहित किया जाए। पैक्स एवं क्रय केन्द्रों पर मिलेट्स खरीदने की उचित व्यवस्था रखी जाए। जो स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मंडुवा लेंगी, उनको इन्सेंटिव शीघ्र मिल जाए। उन्होंने कहा कि मिलेट्स उत्पादन के लिए प्राकृतिक और परंपरागत रूप से सभी संसाधन राज्य के पास हैं। मिलेट्स के क्षेत्र में उत्तराखण्ड को रोल मॉडल बनाने की दिशा में कार्य किये जाएं।

कृषि अवसंरचना निधि के तहत धीमी कार्य प्रगति पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि इसमें निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मजबूत कार्ययोजना बनाई जाए। इसके तहत किसानों को ऋण लेने में कोई असुविधा न हो, इसके लिए प्रक्रियाओं के सरलीकरण की दिशा में ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंदरों से फसलों को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए जल्द ही वन विभाग, शहरी विकास एवं अन्य संबंधित विभागों की बैठक की जाए।

मुख्यमंत्री ने उद्यान विभाग के रोडमैप की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य में पॉलीहाउस स्थापना के कार्यों में अभियान के तहत कार्य किये जाएं। कैबिनेट द्वारा इसके लिए किसानों को 70 प्रतिशत अनुदान देने का निर्णय लिया गया है।

उन्होंने कहा कि इन पॉलीहाउस में फल, फूल, सब्जी का जो उत्पादन होगा, इनको देश भर में भेजा जायेगा। इसके लिए गढ़वाल और कुमायूं में मण्डी बनाने का निर्णय लिया गया है। पॉलीहाउस पर कार्य प्रगति की जल्द समीक्षा भी की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए उत्पादों की ब्रांडिंग, पैकेजिंग और मार्केटिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए। कीवी और एप्पल मिशन के तहत तेजी से कार्य किया जाए। मौन पालन के क्षेत्र में राज्य में अनेक संभावनाएं हैं। मौन पालन किसानों की आय बढ़ाने के लिए एक अच्छा माध्यम है, इस दिशा में कार्य करने के लिए विशेष प्रयासों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा अगर बाहर से उच्च गुणवत्ता युक्त पौध ली जा रही है, तो उनका डिबीडी के माध्यम से समय पर भुगतान हो, यह सुनिश्चित किया जाए।




बैठक में कैबिनेट मंत्री श्री गणेश जोशी, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुंदरम, श्री शैलेश बगोली, श्री विनय शंकर पाण्डेय, श्री दीपेन्द्र चौधरी, अपर सचिव श्री रणवीर सिंह चौहान, श्री विजय कुमार जोगदाण्डे, कृषि, उद्यान एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# जान लें एयरपोर्ट पर किन चीजों को लेकर जा सकते है

न्यूज़ वायरस नेटवर्क






ब्यूरो रिपोर्ट 25 मई : हम जब भी कहीं यात्रा करने का प्लान बनाते हैं, तो हम ऐसे वाहन से यात्रा करना पसंद करते हैं जो सुविधाजनक तो हो। साथ ही वो हमारा समय भी बचाए।

ऐसे में कोई अपने वाहन से, कोई ट्रेन से तो कई लोग प्लेन से यात्रा करना पसंद करते हैं। इस बात में कोई दो राय भी नहीं कि हवाई यात्रा से समय की काफी बचत भी होती है। लेकिन अगर आप फ्लाइट लेने एयरपोर्ट जाते हैं, तो फिर आपके लिए ये जानना जरूरी हो जाता है कि हवाई यात्रा करने के कुछ नियम भी हैं खासतौर पर वो नियम जो आपको बताते हैं कि आप कौन सा सामान अपने साथ नहीं ले जा सकते हैं, क्योंकि अगर आप नियमों के खिलाफ जाकर ऐसा करते हैं तो आपको जेल तक हो सकती है। तो चलिए जानते हैं कि वो कौन सा सामान है, जो आप फ्लाइट में यात्रा के दौरान एयरपोर्ट लेकर नहीं जा सकते हैं।

आप फ्लाइट में किसी भी तरह के नशीले पदार्थ को लेकर यात्रा नहीं कर सकते हैं। एयरपोर्ट पर बीड़ी, सिगरेट और तंबाकू के अलावा गांजा और हेरोइन जैसी चीजों को लेकर न जाएं। अगर आप गांजा या हेरोइन लेकर आते हुए पकड़े जाते हैं, तो आपके खिलाफ उचित कार्रवाई होते हुए आपको जेल तक हो सकती है। हाल ही में गुरुवार को दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक यात्री के पास से सात बेशकीमती घड़ियां बरामद हुई। इनमें से एक घड़ी की कीमत 27 करोड़ रुपये बताई जा रही है। कस्टम विभाग ने इन घड़ियों को जब्त कर लिया है और यात्री को गिरफ्तार कर लिया है। ऐसे में आप समझ गए होंगे कि किसी चीज की तस्करी करने की न सोचे।

किसी भी तरह का हथियार जैसे- पिस्तौल, गन लाइटर, बंदूक, पेलेट गन, स्टार्टर पिस्टल, गोला बारूद आदि आप फ्लाइट में लेकर नहीं जा सकते हैं। इन चीजों के साथ आपको एयरपोर्ट पर रोका जाता है, और संदिग्ध गतिविधि होने पर गिरफ्तार किया जा सकता है। आपको एयरपोर्ट जाते समय इस बात का भी ध्यान रखना है कि अपने साथ किसी भी तरह की कोई धारदार चीजें न ले जाएं। इनमें बॉक्स कटर, रेजर वाला ब्लेड, लाइटर, मेटल वाली कैंची जैसी आदि शामिल हैं। इन्हें लेकर आप फ्लाइट में यात्रा नहीं कर सकते हैं।



## G20 कार्यक्रम की सुरक्षा को लेकर चप्पे-चप्पे पर की जा रही चेकिंग

उत्तराखंड 25 मई : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा G20 के दृष्टिगत बम डिस्पोजल स्क्वाड टीम को सम्पूर्ण कार्यक्रम क्षेत्र में लगातार चैकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया।जिसके क्रम में G20 समिट के दृष्टिगत विदेशों से आ रहे मेहमानों की सुरक्षा हेतु बम डिस्पोजल स्क्वाड (BDS) द्वारा जानकी पुल, परमार्थ निकेतन टैक्सी स्टैंड, बाग खाला टैक्सी स्टैंड, भूतनाथ टैक्सी स्टैंड वानप्रस्थ आश्रम के आस-पास, आरती स्थल आदि सभी स्थानों पर दिन रात सघन चेकिंग की जा रही है।

## मशहूर टीवी अभिनेत्री वैभवी उपाध्याय की कार दुर्घटना में मौत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



पॉपुलर सीरियल 'साराभाई वर्सेस साराभाई' में जैस्मिन मवानी का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री वैभवी उपाध्याय का निधन हो गया है। अभिनेत्री के निधन की खबर सामने आते ही टीवी इंडस्ट्री में शोक की लहर है।जानकारी के अनुसार, अभिनेत्री का एक्सीडेंट कुल्लू के बंजार में हुआ था। हादसे में एक्ट्रेस की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वैभवी उपाध्याय अपने मंगेतर जय सुरेश गांधी के साथ कार में यात्रा कर रही थीं। वो तीर्थन घाटी में घूमने के लिए जा रही थीं। लेकिन एक टर्न पर गाड़ी ने कंट्रोल खो दिया और कार का एक्सीडेंट हो गया। एक्ट्रेस की गाड़ी 50 फुट नीचे खाई में जा गिरी।वैभवी के मंगेतर जय सुरेश गांधी को हल्की चोटें आई हैं, जिसका इलाज बंजार अस्पताल में किया गया है। सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने पुलिस को भी सूचित किया सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जब गाड़ी में वैभवी उपाध्याय को देखा तो तब तक उनकी मौत हो गई थी। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से जय सुरेश गांधी को बाहर निकाला गया और उनका बंजार अस्पताल में इलाज किया गया।बता दें कि वैभवी उपाध्याय सोशल मीडिया पर ज्यादा एक्टिव नहीं रहती थीं। महीने में एक या दो ही पोस्ट वो शेयर करती थीं। मौत से पहले भी उन्होंने अपने बारे में कोई ऐसा खास अपडेट नहीं किया कि वह कहां थीं और क्या कर रही थीं। वैभवी उपाध्याय ने 'साराभाई वर्सेस साराभाई' के अलावा 'जीरो किलोमीटर्स', 'प्लीज फाइंड अटैच्ड', 'छपाक', 'सिटीलाइट', 'क्या कुसूर है अमरा का', 'संरचना' जैसी फिल्मों और टीवी शोज में काम किया है।

## राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किया डॉ0 रघुनंदन सिंह टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल का भ्रमण

नैनीताल। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को डॉ0 रघुनंदन सिंह टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल का भ्रमण किया। अकादमी पहुंचने पर महानिदेशक बी.पी. पाण्डेय एवं वरिष्ट संकाय अधिकारियों द्वारा राज्यपाल का स्वागत किया गया।

भ्रमण के दौरान राज्यपाल ने अकादमी में आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ द्वारा निर्मित आर्टिफिशियल क्लाईबिंग वॉल का लोकार्पण किया। जहां प्रशिक्षकों द्वारा एक संक्षिप्त डेमो भी किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने अकादमी में सराहनीय सेवा के लिए पांच संकाय अधिकारियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। महानिदेशक द्वारा राज्यपाल को अकादमी की विभिन्न अवस्थापना संरचनाओं व प्रशिक्षण गतिविधियों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण एवं जानकारी प्रदान की गई।

राज्यपाल ने अकादमी में आयोजित होने वाले आधारभूत व सेवा प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षु अधिकारी हेतु ''गवर्नर ट्रॉफी'' की घोषणा की। यह ट्रॉफी प्रत्येक वर्ष अकादमी में आयोजित होने वाले आधारभूत व सेवा प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षु को प्रदान की जायेगी। साथ ही उन्होंने अकादमी के पुस्तकालय हेतु 108 किताबें देने की घोषणा की।

इस दौरान राज्यपाल ने अकादमी में आयोजित हो रहे सेवा-प्रवेश प्रशिक्षण तथा स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रशिक्षु अधिकारियों एवं अकादमी के संकाय अधिकारियों को संबोधित किया। राज्यपाल ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपनी सोच एंव विचार के केंद्र में सेवा, समर्पण और सुशासन के त्रिशूल को धारण करें। अधिकारी अपनी सोच, विचार और धारणा इस प्रकार रखें जिससे अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाएं पहुंच सकें।

# तेज धूप या भीषण गर्मी से बचाव के लिए उपयोगी हैं ये उपाय

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 25 मई ; भारत में गर्मी का प्रकोप जारी है. गर्मी में कई लोगों को अपने आवश्यक कार्यों के संबंध में बाहर निकलना पड़ रहा है. सभी जगह ऑनलाइन सुविधा के चलते घर तक सामान पहुंचाने की सुविधाएं शुरू की जा रही है, इसलिए इस गर्मी में भी सामान पहुंचाने के लिए कई लोग होम डिलीवरी का कार्य कर रहे हैं. इसके अलावा भीषण गर्मी के मौसम में भी संक्रमण के इस दौर में पुलिसकर्मी, स्वास्थ्यकर्मी, मीडियाकर्मी और सभी डॉक्टर अपने कार्य में लगातार जुटे हुए हैं.

मुंह व सिर को तेज धूप से बचें धूप में त्वचा जलने की आशंका रहती है, जिसे सनबर्न कहा जाता है. इसलिए गर्मी में धूप से बचाव करना बेहद ही आवश्यक हो जाता है, क्योंकि यदि धूप सीधे मुंह पर लगती है तो लू लग सकती है. इसलिए बाहर निकलने से पहले अपने मुंह और सिर को अच्छी तरह से कपड़े से ढक लेना चाहिए. गर्मी में शरीर में पानी की कमी से डिहाइड्रेशन हो सकता है,

इसलिए इस समय बाहर निकलते समय अपने साथ पानी की बोतल जरूर रखनी चाहिए और बाहर निकलने से पहले अधिक मात्रा में पानी पीकर निकलने से लू का खतरा भी कम हो जाता है. पानी में थोड़ा नमक और नींबू का रस भी मिला सकते हैं. सूती और आरामदायक कपड़े पहने गर्मी के समय में सूती कपड़े पहनने से बीमारियां नहीं होती हैं, क्योंकि सूती कपड़े पसीने को जल्दी सोख लेते हैं. इसके अलावा गर्मी के मौसम में ढीले कपड़े पहनने चाहिए, ताकि पसीने से भीगे कपड़े शरीर पर अधिक देर तक चिपके न रहें. फैशन के चलते जींस व टाइट टी-शर्ट आदि कपड़ों को पहनने से बचना चाहिए.बाहर जाने से पहले जरूर लगाएं लोशन गर्मी में बाहर निकलने पर चेहरे पर धूप लगने से पिगमेंटेशन हो सकते हैं




और त्वचा खराब हो सकती है, इसलिए बाहर निकलने से पहले त्वचा पर क्रीम जरूर लगानी चाहिए. यह क्रीम सूर्य की खतरनाक अल्ट्रावायलेट किरणों से त्वचा की रखा करती है और सन बर्न जैसी समस्या भी नहीं होती है.अच्छी क्वालिटी वाले सनग्लासेस लगाएंआंखों की सुरक्षा के लिए सनग्लासेस पहनना जरूरी है क्योंकि धूप के कारण हमारी आंखों में जलन हो सकती है, इसलिए जब भी बाहर निकलें तो साथ में सनग्लासेस जरूर रखें. यहां यह जरूर ध्यान रखना चाहिए कि सनग्लास अच्छी क्वालिटी के होने चाहिए. फल का जूस ज्यादा पिएंगर्मी के समय में शरीर में पानी की कमी होना स्वाभाविक है.


ऐसे में सिर्फ पानी पीकर पानी की कमी को दूर नहीं किया जा सकता है. इसलिए जब भी बाहर निकलें, फल जैसे केला, गन्ने का जूस आदि का सेवन जरूर करते रहें, ताकि शरीर में ऊर्जा बनी रहे. अधिक वसायुक्त भोजन से बचें गर्मी के मौसम में ज्यादा वसायुक्त यानी ज्यादा तेल वाली चीजें खाने से भी परहेज करना चाहिए. इसके बजाए अधिक मात्रा में सलाद खाना चाहिए, जिससे शरीर में पानी की कमी न हो. गर्मी में प्याज अधिक मात्रा में खाएं, क्योंकि इसकी तासीर ठंडी होती है.

# हल्द्वानी : तूफान ने उखाड़े कई पेड़, कार सवार वकील की मौत ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हल्द्वानी 25 मई : देर शाम आए तूफान ने जिले भर में कई पेड़ उखाड़ दिए। रामपुर रोड पर मानपुर पश्चिम में चलती कार पर विशालकाय पेड़ गिरने से कार सवार हाईकोर्ट के अधिवक्ता तनुज सेमवाल की मौत हो गई। पेड़ गिरने से शहर में जगह-जगह यातायात प्रभावित रहा। 70 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चले तूफान से बिजली पोल, लाइन ध्वस्त हो गईं, जिससे बिजली गुल हो गई। बीते दिन शाम तक मौसम सामान्य था लेकिन रात 10.50 बजे आए तूफान से जनजीवन थम गया। पहले धूल का गुबार उड़ा। बारिश के साथ आई तेज हवाओं से सड़क किनारे सैकड़ों पेड़ धराशायी हो गए। रामपुर रोड पर कार पर विशाल पेड़ गिर गया, जिससे चालक दब गया। पुलिस और स्थानीय लोगों ने दो घंटे से अधिक समय तक उसे निकालने का भरसक प्रयास किया लेकिन जब चालक को निकाला गया, तब तक उनकी सांसे थम चुकी थीं। इधर, तूफान से जिले के हल्द्वानी, लालकुआं, नैनीताल, भीमताल समेत जिले के अधिकतर इलाकों में बिजली आपूर्ति गुल हो गई। लोगों ने अपने घर के खिड़की-दरवाजे बंद कर दिए। राहगीर कोई सुरक्षित स्थान ढूंढते रहे। वाहन चालकों ने वाहन को एक किनारे खड़ा कर दिया। करीब तीन घंटे की बाद जब तूफान थमा तब जाकर लोग अपने घरों को रवाना हुए। कई इलाकों में बिजली गिरने से व्यापक नुकसान होने की आशंका है।जिले में नुकसान का सही-सही पता नहीं चल पाया है। इधर, नैनीताल में भी तेज आंधी के साथ ओलावृष्टि हुई और बिजली आपूर्ति ठप हो गई। पेड़ों के गिरने से हल्द्वानी में बरेली रोड, रामपुर रोड, नैनीताल रोड, कालाढूंगी रोड समेत तमाम सड़कें अवरुद्ध होने से यातायात बाधित हो गया। थोड़ी देर के बाद ही बारिश भी शुरू हो गई हालांकि आंधी की रफ्तार में कोई कमी नहीं आई। मध्यरात्रि तक मौसम पूरी तरह से बदला रहा। तेज हवाएं और बारिश का दौर जारी रहा। मौसम विभाग देहरादून में खराब मौसम को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी कर रखा है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ की वजह से तेज आंधी आई।











# देर रात की आंधी से हरिद्वार में कहर, 3 की मौत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार 25 मई : हरिद्वार में शाम मौसम बिगड़ने से प्रदेशभर में जगह-जगह पेड़ गिरने से हुए हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हो गए। ज्वालापुर में कटहरा बाजार स्थित अंसारी मार्केट में करीब 100 वर्ष पुराना पीपल का पेड़ था। बीते दिन देर शाम बारिश शुरू हुई तो यहां रेहड़ी लगाने वाले कुछ लोग इसके नीचे खड़े हो गए। रात साढ़े नौ बजे पेड़ अचानक गिर गया। दो घंटे के रेस्क्यू में इरफान, समीर और हर्ष को निकाल लिया गया। इरफान गंभीर है, उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

वहीं, मौके से लापता मुनीर (10 वर्ष) रात करीब पौने एक बजे मलबे में दबा मिला। अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया। हरिद्वार में ही कोतवाली क्षेत्र स्थित चमगादड़ टापू में भी एक पेड़ गिर गया। इसकी चपेट में आने से सोनीपत निवासी योगेश की मौत हो गई। उधर, हल्द्वानी में रामपुर रोड पर मानपुर पश्चिम में चलती कार पर विशालकाय पेड़ गिर गया, जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई।


पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान हाईकोर्ट के अधिवक्ता तनुज सेमवाल के रूप में हुई है। तनुज पौड़ी के रहने वाले थे और उनकी बेटी रुद्रपुर में रहती है। परिवार नैनीताल के नैनागांव में रहता है। वह आइसक्रीम खाते हुए जा रहे थे, तभी हादसा हो गया। पुलिस पहुंची तो उनकी सांसे थम चुकी थीं, जबकि आइसक्रीम की स्टिक उनके मुंह में दबी थी। दूसरी ओर कोटद्वार स्थित बुद्धा पार्क के पास सड़क पर दो पेड़ गिर गए। हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया।प्रेम नगर में अंधड़ से एक कुटिया ढह गई, जिससे एक व्यक्ति घायल हो गया, वह भी गंभीर है। ऋषिकेश में रायवाला-गौहर माफी मार्ग यूकेलिप्टस का पेड़ गिरने से अवरुद्ध हो गया। इसके साथ ही हाईटेंशन लाइन से टूटने से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। उत्तरकाशी में यमुनोत्री हाईवे पर खनेड़ा-किसाला के पास भूस्खलन के बाद हाईवे पर आवाजाही बंद हो गई। वहीं कामर गांव से करीब 12 किमी ऊपर बुग्याल क्षेत्र में बिजली गिरने से 26 बकरियों की मौत हो गई। वहीं कई जगह फसलों को भी नुकसान पहुंचा है।

# UPSC Result : उत्तराखण्ड की लड़कियों ने लहराया परचम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क











देहरादून, ब्यूरो रिपोर्ट, संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में उत्तराखंड के होनहारों ने प्रदेश का नाम ऊंचा कर दिया। खटीमा के देवव्रत जोशी को 125 वी रैंक हासिल हुई है। यह उनका पहला प्रयास था। उन्होंने इसी वर्ष एन आई टी श्रीनगर से सिविल इंजीनियरिंग में बी टेक किया है। उनके पिता एसएसबी में सब एरिया ऑर्गेनाइजर हैं और माता राजकीय इंटर कॉलेज में एल टी शिक्षिका।

रुद्रपुर निवासी चंद्र कांत बगौरिया ने 75वीं रैंक हासिल की। देहरादून के हिमांशु सामंत ने 348वीं रैंक पायी। मसूरी के माधव भारद्वाज ने 536 रैंक हासिल की। देहरादून की तस्कीन खान ने 736 रैंक पायी। काशीपुर की कृति जोशी को 274वीं रैंक मिली ।उधर, उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले के मूल निवासी मुकुल जमलोकी ने भारतीय सिविल सेवा परीक्षा 2022 में फिर स्थान बनाया है। इस बार आल इंडिया रैंकिंग में उनका स्थान 161 है। वर्तमान में मुकुल जमलोकी सीएजी कार्यालय में डिप्टी अकाउंटेंट जनरल के पद पर कार्यरत हैं।

मुकुल ने यूपीएससी परीक्षा के अब तक के सभी प्रयासों में सफलता अर्जित की है। वे पहले वर्ष 2017 में इंडियन इनफॉर्मेशन सर्विस के लिए चुने गए। फिर वर्ष 2018 में इंडियन पोस्टल सर्विस के लिए चयनित हुए। वर्ष 2020 में वे इंडियन ऑडिट एंड अकाउंट सर्विस के लिए चयनित होने के बाद इस बार उन्हें भारतीय पुलिस सेवा अथवा भारतीय विदेश सेवा संवर्ग आवंटन की संभावना है लेकिन नई सेवा पर जाने के वे इच्छुक नहीं हैं ।मुकुल जमलोकी मूलतः रुद्रप्रयाग जिले की ऊखीमठ तहसील के रविग्राम (फाटा) के निवासी हैं। उनके पिता डॉ. ओम प्रकाश जमलोकी संप्रति दूरदर्शन के देहरादून केंद्र में वीडियो एक्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत हैं, जबकि माता श्रीमती इंदु जमलोकी दिल्ली सरकार के स्कूल में अर्थशास्त्र की प्रवक्ता हैं। मुकुल की एक छोटी बहन है, वह दिल्ली सरकार के अस्पताल में चिकित्सक है। मुकुल ने देहरादून के ब्राइट लैंड स्कूल से पढ़ाई की है ।इसके अलावा रुद्रप्रयाग जिले के स्वीली गांव की कंचन डिमरी ने भी इस वर्ष यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का गौरव बढ़ाया है।

कंचन के पिता देवीप्रसाद डिमरी दिल्ली में सेवारत हैं ।उधर चमोली जिले के बागड़ी गांव की मुद्रा गैरोला ने भी यूपीएससी क्रैक किया है। वे पिछले वर्ष आईपीएस के लिए चयनित हुई थी। इसके अलावा उधम सिंह नगर की गरिमा नरूला और बागेश्वर की कल्पना पांडे ने भी सिविल सेवा परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कुणाल गुरुरानी की 320वीं रैंक व प्रणव गैरोला की 925वीं रैंक आयी है ।रुद्रप्रयाग जिले के बेंजी गांव की अंजलि बेंजवाल बहुगुणा ने हायर ज्यूडिशरी सर्विस (एचजेएस) से अतिरिक्त सत्र एवं जिला न्यायाधीश टिहरी गढ़वाल में प्रथम नियुक्ति प्राप्त की है।

## संपादकीय



### केजरीवाल का अध्यादेशी मिशन

दिल्ली सरकार के खिलाफ भारत सरकार के अध्यादेश का अस्तित्व कांग्रेस पर टिका है। अध्यादेश ने एक ओर सर्वोच्च अदालत की संविधान पीठ के फैसले को निष्प्रभावी कर दिया है, तो दूसरी तरफ दिल्ली की केजरीवाल सरकार की प्रशासनिक शक्तियां छीन ली हैं। द्वन्द्व दो चुनी हुई सरकारों के बीच है। दरअसल संविधान पर विमर्श करते हुए यह लक्ष्मण-रेखा खींच दी गई थी कि कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका अपनी हदें पार नहीं करेंगी। इसी में संविधान और लोकतंत्र की प्रतिष्ठा और गरिमा निहित है, लेकिन संसद ने अपनी अपरिमित शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए सर्वोच्च अदालत के फैसलों को पलटा भी है। वैसे संविधान का अनुच्छेद 123 भारत सरकार और राष्ट्रपति को अध्यादेश जारी करने की शक्ति देता है, लेकिन 'असाधारण स्थितियों' की शर्त के साथ ही । संसद का सत्र न चल रहा हो और राष्ट्रपति का विवेक महसूस करता है कि अमुक परिस्थितियों में संवैधानिक, विधायी कदम उठाना अनिवार्य है, तो अनुच्छेद 123 के तहत अध्यादेश जारी किया जा सकता है। दरअसल इस अनुच्छेद के पीछे 'अति आवश्यकता' की भावना रही है। पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने हाल ही में सर्वसम्मत फैसला सुनाया था कि दिल्ली में लोगों द्वारा चुनी हुई सरकार के नियंत्रण में ही प्रशासनिक तंत्र रहे। अधिकारियों की नियुक्ति और तबादले भी दिल्ली सरकार के नियंत्रण में हों, क्योंकि चुनी हुई सरकार ही जनता के प्रति जवाबदेह होती है। संविधान पीठ ने उपराज्यपाल के लिए कहा था कि वह दिल्ली कैबिनेट की सलाह पर ही काम करने को बाध्य हैं। फैसले में 'संघीय ढांचे' का बार-बार उल्लेख किया गया था। महत्त्वपूर्ण सवाल यह है कि आखिर वह 'असाधारण परिस्थिति' क्या थी, जिसके तहत अध्यादेश जारी करना पड़ा? अध्यादेश में स्पष्ट किया गया है कि यह व्यापक देशहित में है कि लोकतांत्रिक तरीके से निर्वाचित केंद्र सरकार के जरिए देश भर के लोगों की भूमिका राष्ट्रीय राजधानी के प्रशासन में भी हो। लोगों की लोकतांत्रिक इच्छा पूरी करने के मद्देनजर अध्यादेश लाया गया है। अध्यादेश के बाद तमाम कार्यकारी, प्रशासनिक अधिकार, उपराज्यपाल के जरिए, केंद्र सरकार के पास आ गए हैं। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने इसी मुद्दे पर देशव्यापी मिशन शुरू किया है।

दैनिक न्यूज़ वायरस

**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# बागेश्वर : पिता दुकान चलाते हैं, बेटी ने UPSC परीक्षा में लहराया परचम, बनेगी IAS अफसर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





बागेश्वर 25 मई : बीते दिन संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) ने सिविल सेवा 2022 परीक्षा का परिणाम जारी किया जिसमें बेटियों ने जीत का डंका बजा दिया है। इसमें आईएएस के पद पर चयन के लिए 180 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। यहां तक की टॉप 4 में भी लड़कियां ही हैं। उत्तराखंड की बेटियों ने भी जीत का डंका बजा दिया है। आज हम आपको एक ऐसी ही होनहार बेटी के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्होंने यूपीएससी परीक्षा क्लियर कर ली है,और आईएएस की सूची में शामिल हो गई हैं। हम बात कर रहे हैं उत्तराखंड के बागेश्वर में गरुड़ निवासी कल्पना पांडे की। कल्पना 102 रैंक लाकर सुर्खियों का हिस्सा बन गई हैं। उनके पिता बागेश्वर के गरुड़ में दुकान चलाते हैं। रमेश चंद्र पांडे की बेटी कल्पना पांडे ने सिविल सेवा परीक्षा में झंडे गाड़े हैं। उनको 102वीं रैंक मिली है। कल्पना मूल रूप से गरुड़ की ग्राम पंचायत दर्शानी के खडेरिया गांव की निवासी हैं। कल्पना तीन बहनों में सबसे छोटी हैं। कल्पना ने कक्षा 10 तक की शिक्षा सेंट एडम्स पब्लिक स्कूल से प्राप्त की। उसके बाद आगे की पढ़ाई के लिए वह दिल्ली चली गईं। कल्पना की इस उपलब्धि से पूरे गांव में खुशी की लहर है। कल्पना ने यह साबित कर दिया है कि मुश्किल से मुश्किल परिस्थितियों में भी मेहनत कर ऊंचा से ऊंचा मुकाम हासिल किया जा सकता है। कल्पना के घर में खुशियों का माहौल पसर गया है।

# अल्मोड़ा से प्राधिकरण समाप्त करने की मांग पूर्व सीएम कोश्यारी को ज्ञापन

अल्मोड़ा। आज नगर पालिका अध्येक्ष प्रकाश चंद्र जोशी के नेतृत्व में जिला स्तरीय प्राधिकरण विरोध संघर्ष समिति ने अल्मोड़ा पहुंचने पर महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड भगत सिंह कोश्यारी को ज्ञापन सौंपकर जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण को समाप्त किए जाने की मांग की ।कोश्यारी के अल्मोड़ा पहुंचने पर आज सर्किट हाउस में प्राधिकरण विरोध समिति ने पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद जोशी के नेतृत्व में कोश्यारी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा ।ज्ञापन के माध्यम से संघर्ष समिति ने कहा कि वर्ष 2017 से अल्मोड़ा में जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण सरकार द्वारा लागू किया गया है जिसके कारण नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अल्मोड़ा में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा लगातार प्रत्येक मंगलवार को गांधी पार्क में इसके विरोध में धरना दिया जा रहा है क्योंकि जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण में यह प्रावधान किया गया है कि यदि कोई भवन निर्माता अपने भवन निर्माण करता है तो उसे अपने भवन का में सैट बैक छोडऩा पड़ेगा जो कि काफी पुराने समय से बने हुए भवनों में संभव नहीं है ।यहां पर अल्मोड़ा बाजार एवं अन्य स्थानों में दो मकानों के बीच में एक ही दीवार होती है जिसमें सैट बैक छोडऩा संभव नहीं है ।इसी प्रकार गांव में भी बाखली नुमा दो मकानों के बीच एक ही दीवार होती है जिससे वहां पर भी सैट बैक छोडऩा संभव नहीं है ।जहां पर कभी भी सडक़ नहीं जा सकती या उसकी संभावना ही नहीं है वहां पर भवन निर्माता के लिए यह बात बाध्यता है कि वह अपने भवन में पार्किंग का प्रावधान करेगा ।ऐसी स्थिति में जब वहां पर सडक़ मार्ग है ही नहीं तो पार्किंग का कोई औचित्य ही नहीं होता।

जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण का शुल्क भी काफी अधिक है जिससे जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।इसमें लेबर सैस के रूप में जो शुल्क लिया जा रहा है वह बहुत अधिक है जिससे जनता परेशान है ।जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण लागू होने से पूर्व अल्मोड़ा में नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा नगर क्षेत्र में भवन मानचित्र स्वीकृत करती रही है ।इससे जो भी आय पालिका को होती थी उससे वह अपने कर्मचारियों के वेतन तथा पेंशन की कमी को पूरा करती थी।प्राधिकरण लागू होने से पालिका को कम से कम लगभग 30 से 40 लाख प्रतिवर्ष का नुकसान उठाना पड़ रहा है ।जिससे कर्मचारियों के वेतन तथा पेंशन समय पर नहीं मिल पा रही है।

हिंदी दैनिक
न्यूज़ वायरस



# गोवा पर्यटन मंत्री रोहन खौंटे ने बाबा रामदेव एवं आचार्य बालकृष्ण से की औपचारिक भेंट





## गंगा आरती कर लिया मां गंगा का आशीर्वाद

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार। श्री रोहन खौंटे, माननीय पर्यटन मंत्री, आईटी, ई एंड सी, प्रिंटिंग और स्टेशनरी, गोवा सरकार, वर्तमान में गोवा और उत्तराखंड के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने के लिए तीन दिवसीय यात्रा पर देहरादून में हैं, जिसका उद्देश्य दोनो राज्यों के रिश्तों को मजबूत करना है। माननीय पर्यटन मंत्री और उनकी टीम ने क्रमशः आचार्य बालकृष्ण और बाबा रामदेव से मिलने के लिए हरिद्वार में पतंजलि योगपीठ और निरामयम का दौरा कर मुलाकात की । उन्होंने आचार्य बालकृष्ण और बाबा रामदेव को गोवा आमंत्रित किया और पर्यटन और आध्यात्मिकता को बढ़ावा देने पर जोर दिया, आध्यात्मिकता और आयुर्वेद के एकीकरण पर व्यापक चर्चा की। बाद में, माननीय मंत्री और उनकी टीम ने उत्तराखंड में गंगा के तट पर हरिद्वार में स्थित सबसे पवित्र घाटों में से एक, हर की पौड़ी घाट का दौरा किया। शाम को, श्री खौंटे ने हर की पौड़ी में गंगा आरती में भाग लिया और गंगा दशहरा से पूर्व माँ गंगा का आशीर्वाद लिया।





